Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 10-08-2022 | अंक 310

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### पीएम आवास के लिए महिला ने लगाई गुहार



बरही प्रखंड अंतर्गत मल. कोको पंचायत के पडरिया निवासी मोसोमात नूनी देवी पति स्व पोखराज़ महतो ने बताया की उसके पति का निधन हो चुका है। वह बेहद गरीब है उसके पास रहने के लिए केवल एक कमरे का कच्चा खपेरलनुमा मकान है और उसका भी स्थिति काफी जर्जर है। उसका मकान कभी भी तेज बारिश और आंधी में गिर सकता है। उन्होंने बरही के अधिकारियों से अपील किया है की मुझे भी पीएम आवास मुहैया कराया जाए। ताकि मैं अपना गुजर बसर कर सकू। वहीं मुखिया विजय यादव ने बताया की इस महिला का घर का स्थिति काफी दयनीय है। और मैं पीड़ित महिला को आवास दिलाने के लिए काफी प्रयासरत हूं।

APEM LIVE

# बरही में हर घर तिरंगा के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली मोटरसाइकिल रैली, पूर्व विधायक हुए शामिल

## तिरंगा रैली राष्ट्रभक्ति को दर्शाता है : मनोज यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बुधवार को पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश देखने को मिला है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बरहीवासियों से आग्रह किया कि 13 से 15 अगस्त तक हर लोग अपने अपने घरों पर तिरंगा झंडा अवश्य लगाए। मोटरसाइकिल रैली में लोगों ने सम्मान में भारत माता की जय के नारे लगाए। संयुक्त बिहार में रहे तत्कालीन मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक देशवासी के लिए स्वाभिमान का पर्व है। देश की आजादी में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले उन शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिनकी बदौलत आज हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, बरही प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, सरपंच खोड़ाहार कुलदीप सिंह, भाजपा ओबीसी मोर्चा के मुन्ना यादव, डिलो पासवान, मनोज साव, अमित सिंह, पिंटू ठाकुर, विक्रम पाण्डेय, विनय कुमार, संदीप सिंह, अनुज मालाकार, बीरेंद्र रविदास, चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, अरविन्द कुमार, मुकेश कुमार, राष्ट्रीय यादव सेना विनोद यादव, सतीश यादव, केदार यादव, ब्रह्मदेव यादव, सिकी पहलवान, कार्तिक कुमार, इमरान खान, रंजीत यादव, गौरियाकर्मा मुखिया प्रतिनिधि रजनीकांत ओम, कोल्हुआकला मुखिया प्रतिनिधि रवि यादव, खोड़ाहार उपमुखिया रोहित यादव, प्रदुम्न सिंह, राज. कुमार केशरी, करसो पंचायत उप मुखिया बालेश्वर यादव, पिंटू यादव, सचिन यादव, डिलो पासवान, रुस्तम अंसारी, मो. चांद, ज़ियाउल अंसारी, मो.युसूफ, प्रमोद यादव, गोपाल राणा, मि. थलेश सिंह, ज्योतिष सिंह, ज्योतिष यादव, कुलदीप सिंह, महेश चंद्रवंशी, दिनेश साव, दसरथ यादव, रघु यादव, पंकज वर्णवाल, आलोक वर्णवाल, दिलीप रविदास, बरही पूर्वी उप मुखिया मनोज उपाध्याय, रामेश्वर निषाद, विक्की निषाद, शिवा निषाद, सूरज निषाद, राहुल पासवान, कौशल निषाद, गगन निषाद, बलराम केशरी, प्रभु यादव, दिनेश यादव, युगल यादव, आकाश जायसवाल, इंद्रदेव ठाकुर, आकाश कुमार उर्फ़ गोलू, प्राइवेट शिक्षक व ट्रेनर विकास यादव, मेवालाल केशरी, राजकुमार केशरी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



बाइक रैली में शामिल पूर्व विधायक मनोज यादव




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर

## युवा नेता अरुण साहू मुहर्रम जुलूस में हुए शामिल, कहा खुद को शहादत देकर हुसैन ने इंसानियत को रखा जिंदा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष सह तिलेश्वर साहू सेना के अध्यक्ष अरुण साहू, बरही विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित मुहर्रम के तजिया जुलूस में शामिल हुए। श्री साहू ने कहा कि अपने धर्म की रक्षा एवं इंसानियत को बचाने के लिए हजरत इमाम हुसैन ने अपनी शहादत दी। उनकी शहादत को याद करने का दिन ही मुहर्रम है। यही कारण है कि मुहर्रम के त्यौहार पर मुस्लिम समुदाय शोक मनाते हैं और अपनी हर खुशी त्याग देते हैं। बरही विधानसभा क्षेत्र आपसी भाईचारा के डोर से बंधा हुआ है। इस डोर को हम हिंदू मुस्लिम समुदाय कभी टूटने नहीं देंगे। क्षेत्र के लोग यहां हिन्दू-मुस्लिम एकता का परिचय हमेशा देते आ रहे। जुलूस के दौरान प्रशासन और पुलिस पदाधिकारियों की उत्कृष्ट व्यवस्था को देखकर श्री साहू ने प्रशासन का सरहाना भी किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार, विष्णुधारी महतो, भोली पासवान, बब्लू साहू, मोहम्मद जमीरउद्दीन, फैज़ल अंसारी, आलम अंसारी, सोहेब खान एवं इरफान खान मुख्य रूप से मौजूद थे।

## मुहर्रम की जुलूस देखने गए युवक को स्कॉर्पियो ने लिया चपेट में, रास्ते में हुई मौत


मृतक का फोटो




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही थाना अंतर्गत बरसोत में मंगलवार सुबह में हुई सड़क दुर्घटना में बरसोत निवासी चेतलाल कुशवाहा उम्र 32 वर्ष पिता बासुदेव महतो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक मुहर्रम का जुलूस देखने गया था जहां रोड को एक साइड से पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। सैकड़ों लोग डिवाइडर पर खड़े होकर मुहर्रम का झांकी देख रहे थे। इसी क्रम में चेतलाल का पैर डिवाइडर से फिसल गया और बरही से धनबाद की और जा रही स्कॉर्पियो जिसका संख्या डब्लूबी 44सी 3838 ने उसे अपने अपने चपेट में ले लिया। सड़क दुर्घटना देख लोगो में हो हल्ला शुरू हो गया। आस पास के लोगो के सहयोग से घायल को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया जा रहा था। जहां रास्ता में ही उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक का तीन वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। अब वह अपने पीछे अपनी पत्नी और एक बेटी को छोड़ गए है। बरकट्ठा पुलिस के सहयोग से स्क०र्पियो को जब्त कर लिया गया। वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।

## बैजलाडीह और गरजामो में पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने फीता काटकर मेला का किया शुभारंभ





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के गरजामो और बैजलाडीह में मुहर्रम के दशमी के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बरही पूर्वी के पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, मुखिया अर्जुन रविदास एवं स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मो मंसूर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं मेला में आए अलग अलग अखाड़ा के सदस्यो ने अपना अपना करतब दिखाया। वहीं मुख्य अतिथि मो कयूम ने कहा की मुहर्रम बुराई को रोकने और हक के लिए कुर्बान हो जाने के संदेश के साथ मंगलवार को शहर के विभिन्न इलाके से अमन वा चौन के साथ मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। साथ ही साथ उन्होंने कहा की इस बार नौजवानों में काफी उमंग देखा गया। मौके पर रमजान अंसारी, रोहित यादव, सुखदेव यादव, सुरेश कुशवाहा, गुलाम अजहर, लियाकत अंसारी, सद्दाम अंसारी, आरिफ अंसारी , मुजा. हिद्दीन अंसारी सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

## आदिवासी संस्कृति को मजबूत बनाने में आदिवासी महोत्सव काफी मददगार : मनोज यादव

### आदिवासी दिवस पर आदिवासी महोत्सव का आयोजन, फुटबॉल मैच एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की हुई प्रस्तुति

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


आदिवासी महोत्सव कार्यक्रम में शामिल लोग

विश्व आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाआहार पंचयात के ग्राम दौरवा जतरा टांड में आदिवासी महोत्सव मनाया गया । इस महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि के रूप बरही विधानसभा के पुर्व विधायक मनोज कुमार यादव , विशिष्ट अतिथि हज़ारीबाग के महापौर रौशनी तिर्की ,जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव, एसडीओ पूनम कुजर, एसडीपीओ नाजीर अख्तर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप. पो , प्रमुख मनोज रजक मुख्य रूप से उपस्थित हुए स सभी अतिथियों को पगड़ी पहनकर स्वागत किया गया। आदिवासी परंपरा के तहत पूजा अर्चना कर मांदर के थाप पर जमकर थिरके। इस महोत्सव में फुटब०ल टूर्नामेंट के साथ साथ आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया स इस अवसर पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने आदिवासी भाई- बहनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों की सभ्यता और संस्कृति को अक्षुण्ण रखने के लिए यह महोत्सव काफ़ी महत्वपुर्ण है। इस तरह के आयोजन से एक दूसरे से जान पहचान बढ़ती है । आपसी भाई चारा कायम रहती है । कहा कि आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू का सम्मान करते हुए देश के सर्वोच्च पद भारत के राष्ट्रपति बनाये जाने पर प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी को बधाई देता हूं स हज़ारीबाग के मेयर रौशनी तिर्की ने सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्व आदिवासी दिवस कि शुरुआत सर्वप्रथम 9 अगस्त 1995 को हुआ स यह दिन आदिवासियों के लिए गर्व का दिन है,आज हम सब संकल्प लेते है कि हमलोग आदिवासियों के उत्थान के लिए काम करेंगे स आदिवासी समाज के बुजुर्गो से आग्रह होगा कि समाज के छोटे छोटे बच्चों को आदिवासी भाषा ,सभ्यता ,परम्परा एंव संस्कृति का सिखाने और समझाने का काम करें प जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव ने कहा कि हम सभी आदिवासी भाई बहन के विकास एंव उन्नति के लिए हम सब संकल्पित है । खोड़ा आहार मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव ने कहा कि पंचायत के विकास में हमारे आदिवासी समाज का अग्रणी भूमिका रही है स सभा का संच. ालन मनीष मिंज ने किया एंव धन्यवाद ज्ञापन दिलीप एक्का ने किया स मौक़े पर भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर , मुखिया प्रतिनिधि मौक़े पर जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता ,उप मुखिया रोहित यादव,अशोक बाड़ा ,बरही प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव ,मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र यादव , भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता , भाजपा अनुसूचित जाती मोर्चा के नागेश्वर रजक ,महोत्सव का अध्यक्ष मगदली बाड़ा ,सचिव सील मती बेक,अशोक बाड़ा , सुनील एक्का, मनीष उराँव,निखिल एक्का,नीरज एक्का,सामु उररंव,रौशन उराँव,जगदीश उराँव,बोधन उराँव,कर्मिला टोप्पो,मुकेश टोप्पो,लालमुनि मिंज,अनिता लिंडा,मुनिया लिंडा,ग्राम प्रधान प्रकाश कचप्प,विकास यादव ,दीनानाथ यादव ,वरिष्ठ समाजसेवी दिलीप एक्का ,उदय यादव , सचिन यादव,प्रकाश यादव ,रामप्रवेश यादव सहित हज़ारो महिला पुरुष उपस्थित थे ।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपाइयों ने निकाली बाइक रैली, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव हुए शामिल

**अपेम लाइवः पदमा**
**सुमन राज मेहता**



आजादी के 75 वाँ अमृत महोत्सव के तहत पदमा में भाजपा मंडल की और से बाइक तिरंगा सम्मान यात्रा निकाला गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। वहीं मुख्य अतिथि मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में यह बाइक रैली निकाला गया। जहां इस बाइक रैली में शामिल सभी भाजपा कार्यकर्ताओं में देश के प्रति गजब के जोश और उत्साह देखने को मिला। भारत माता के जय की गूंज से पदमा गूंज उठा। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने सभी से अपील किया की आजादी के 75 वाँ अमृत महोत्सव के अवसर पर 13 से 15 अगस्त तक अपने अपने घरों में तिरंगा झंडा अवश्य लगाए। इस बाइक रैली में पुर्व विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव, प्रमुख प्रतिनिधि कार्तिक मेहता, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद मेहता, उप प्रमुख सत्येंद्र राणा, मुखिया सीताराम मेहता, पूर्व मुखिया सहदेव प्रसाद मेहता, रामानंद गिरी, भा. जपा महामंत्री बुधन साव, सूरज पूरा पैक्स अध्यक्ष बद्री मेहता, भारत पाण्डेय, पूर्व मण्डल अध्यक्ष परमेश्वर पाण्डेय, जीतेन्द्र यादव उप मुखिया बंदर बेला ,युवा मण्डल अध्यक्ष उदय मेहता, जवाहर लाल, बबलू यादव, सुरेंद्र मोहन कुमार , महेंद्र मेहता, नागेश्वर मेहता ,संजय मेहता, बिरजू मेहता, सपना देवी ,प्रकाश ठाकुर, बालेश्वर मेहता, अछयवट मेहता, विजय मेहता, पप्पू मेहता, साकिर हुसैन उर्फ़ बबलू, गोविंद मेहता ,रमेश सिंह, राम जन्म सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी राजू राणा, जगदीश सिंह, अजित गिरी, विजय यादव, गणेश साव,राम लखन मेहता, दसरथ मेहता, मुकेश कुमार, शिव पूजन विश्वकर्मा, विजय मेहता, प्रेम चंद साहू, काली चरण मेहता, ओम प्रकाश मेहता, जय प्रकाश मेहता सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

APEM LIVE



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा कार्यालय मे बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



चंदवारा प्रखंड फोर लाईन चौक यादव मोटर्स के समीप भाजपा कार्यालय में मंगलवार को आजादी के 75वें अमृत महोत्सव व तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 11 अगस्त को तिरंगा यात्रा तिलैया डैम से शुरू होकर उरवाँ, मदनगुंडी, चंदवारा होते हुए भोंडो तक तिरंगा यात्रा निकाला जाएगा तिरंगा यात्रा को लेकर प्रखंड के सभी पंचायत में प्रभारी व बूथ प्रभारी, सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा व संचालन सांसद प्रतिनिधि सह महामंत्री मनोज साव व नन्दकिशोर सोनी ने किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि चंद्रभूषण साव, राम लखन यादव, लक्ष्मण प्रसाद यादव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अमिताभ कुमार सिंह, प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, मनोज कुमार यादव, नित्यानंद गिरी, मुन्ना वर्णवाल, पूर्व मुखिया भुवनेश्वर पंडित, राजेन्द्र यादव, उदय गिरी, बुलाकी यादव, बिनोद यादव, खुबलाल साव, पिन्टू साव, बासुदेव साव, राजेन्द्र साव समेत कई लोग मौजुद थे।

## चलकुशा में मोहर्रम का पर्व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाई गई





**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**

चलकुशा –प्रखड क्षेत्र में मो. हर्रम का पर्व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाई गई। चलकुशा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम चलकुशा,बरियौन,मसकेडीह, कटघरा, खरगू, चौबे, पलमा,रागडीह, केंदुआ, मनैया,अलगडीहा,सलैयडीह, इत्यादि गांव में 2:00 बजे के बाद भव्य जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया। इस दौरान लोग अपने अपने अखाड़े में अस्त्र शस्त्र का परिचालन कर कला का प्रदर्शन किया।जिप सदस्य सविता सिंह ने मसकेडीह अखाड़ा पहुंचकर लाठी खेल कर अपनी कला का प्रदर्शन की जिसके बाद कर्बला पहुंचकर मन्नते मांगें। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने एक दूसरे से मिले जुले इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर थाना प्रभारी ओम प्रकाश पांडेय अपने दल बल के साथ क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आए। मौके पर जिप सदस्य सविता सिंह, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सलीम अंसारी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोइनुद्दीन पूर्व उपप्रमुख भीखी सिंह, उप प्रमुख शमशेर आलम पूर्व पंचायत समिति सदस्य इस्लाम अंसारी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद हलीम अंसारी, उप मुखिया अफजाल अंसारी, विक्रमादित्य सिंह, तस्लीम राजा, मोहसिन कमाल, असगर अली, अख्तर अंसारी, निसार अंसारी, शमीम अंसारी एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने को लेकर भाजपा की बैठक

### तिरंगा हमारी आन बान  शान है – विधायक अमित कुमार यादव

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



संवाददाता बरकट्ठा :– आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने पर देश अमृत महोत्सव मना रहा है इसी निमित्त 'हर घर तिरंगा' 13,14 व 15 को आयोजित इस अभियान को सफल बनाने को लेकर दिव्य कल्याण आश्रम परिसर में भाजपा की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बरकट्ठा भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक और संचालन बेडोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद ने किया। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव,जिप सदस्य कुमकुम देवी उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 13 अगस्त को आज़ादी 75 वर्ष पूरे होने के अमृत महोत्सव के तहत 'हर घर तिरंगा' अभियान के उपलक्ष्य में विशाल भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में युवकों द्वारा बाइक ति. रंगा यात्रा के साथ निक. ाली जाएगी। मौके पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने कहा की तिरंगा हमारे देश का आनबान और शान है। आज़ादी के बाद प्रत्येक नागरिक को देश के राष्ट्रध्वज का सम्मान करने का इससे अच्छा सुनहरा अवसर नहीं मिल सकता। अतः प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर 13,14 व 15 अगस्त तक राष्ट्रध्वज तिरंगा लगायें। उन्होंने बताया की तिरंगा यात्रा 13 अगस्त को सुबह 9रु00 बजे दिव्य कल्याण आश्रम से निकलेगी और गोरहर थाना से होकर गुंजार मोड़ होते हुए बरकट्ठा चौक पर समापन किया जाएगा। वहीं जिप सदस्य कुमकुम देवी ने लोगों से अपील करते हुए कहा की हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने में लोग एकजुटता दिखाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाएं मौके पर रीतलाल प्रसाद भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष टिंकू प्रसाद, भोला प्रसाद, मुखिया सुमन कुमार जागेश्वर यादव, इंद्रदेव प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि बिरेन्द्र शर्मा, झखरु चौधरी, अनिल आजाद, संजय गुप्ता, अशोक गुप्ता राजकुमार यादव,राजेश कुमार, प्रकाश चौधरी, भोला राम, रेणु देवी,समन ठाकुर, जीवन यादव, बिरेन्द्र मेहता, सुरेंद्र साव राजकुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि सरयू चौधरी, रघुबीर प्रसाद समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे

## एहतेराम मनी मुहर्रम का पर्व





**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम का पर्व अकीदतों एहतेराम के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाई गई. बरकट्ठा प्लस टू हाई स्कूल मैदान स्थित रैनटांड में मंगलवार की सुबह मुहर्रम की दशमी का मेला का आयोजन किया गया. जिसमें बरकट्ठा डीह, कोनहराखुर्द मजार शरिक, बरकट्ठा, कोनहराखुर्द, कोषमा एवं बरवां गांव के लोग निशान ताजिया व गाजे बाजे के साथ शामिल हुए. रैनटांड मैदान में विभिन्न अखाडों के साथ पहुंचे ताज क्लब, गुलशन क्लब, स्टार क्लब, आजाद क्लब के खिलाड़ियों ने एक से बढकर एक खेल अस्त्र शस्त्र का परिचालन कर अपने कला कौशल का प्रर्दशन किया. मौके पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, पूर्व मुखिया बसन्त साव मुखिया प्रतिनिधि बीरेन्द्र शर्मा मुखिया सुमन कुमार समाजसेवी यासीन खान बाबू, कलीम खान, मुख्य रूप से मौजूद थे. मुहर्रम पर्व पर विधायक अमित यादव, पूर्व विधायक जानकी यादव, पूर्व जीप सदस्य दयमंती देवी, अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने लोगों को शुभकामना देते हुए पर्व शांति पूर्ण संपन्न कराने के लिए बधाई दिया है. पर्व को लेकर कोनहरा खुर्द स्थित कर्बला में दशमी को बडी संख्या में सभी समुदाय के लोगों ने पहुंचकर फतेहा कराई. जुलूस और मेले में मो साहिद खान, जाहिद खां, गफ्फार खां, मो नसीम खां, मो जसीम, अब्दुल शकुर अंसारी, सत्तार खान, अमजद खान, मो शमीम, लकी खान, मो खलील अंसारी, सुल्तान अंसारी, मिनहाज अहमद, अयुब खां, हाजी असदुल्लाह खां, हाजी फहीम खां, इकबाल अंसारी, अनवर अली, सन्नी खां, मो मेराज खां, आबिद खां, सहबाज खां, जया अहमद खान, अयान अहमद, समीर अहमद, मुन्ना खान, इमरान खान, नाजा खां, अजीज अंसारी, महताब खान, मोईन अंसारी, रोजन अली, मुख्तार अंसारी, इसराइल अंसारी, इदरीस अंसारी, अमीन अंसारी समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे. बरकट्ठा के अलावें प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बंडासिंघा, शिलाडीह, गोरहर, कोनहराकला, घंघरी, सक्रेज, मेरमगडा, जमुआ, तुईयो, बेडोकला में भी मुहर्रम दशमी की जुलूस और मेला का आयोजन किया गया.

## मुखिया ने सीएससी सेंटर का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा –प्रखड अंतर्गत ग्राम पंचायत चलकुशा के चांदनी चौक पर सीएससी सेंटर का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया सुखदेव यादव मुखिया संघ के अध्यक्ष आलोक सिंह, मुखिया प्रतिनिधि रामदेव यादव ने संयुक्त रुप से नारियल फोड़कर एवं विधिवत फीता काट कर किया।अनीश डिजिटल सर्विस के संचालक प्रो महेश यादव ने बताया कि हमारे सीएससी सेंटर में सभी तरह का ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध है। मौके पर, दिनेश सिंह,लखन साव, दशरथ यादव, केदार यादव प्रमोद पांडेय, प्रभु यादव, नारायण यादव, बसंत पांडेय, मनोज सिंह, रहमान अंसारी, मुकेश मोदी, सीताराम ठाकुर, मनोज मोदी, पंकज मोदी, लक्ष्मण यादव, तुलसी यादव, जागेश्वर यादव, मुकेश राणा, अनिल दास, श्रीकांत ठाकुर, सुरेश सिंह, पवन, राहुल, अनीश, संतोषी, अमरजीत कुमार वर्णवाल इत्यादि लोग शामिल थे।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## तिरंगा यात्रा में वीर शहीदों अमर रहे के नारों से गूंज उठा विष्णुगढ़

### दस हजार से अधिक लोग हुए तिरंगा यात्रा में शामिल



विष्णुगढ़ में तिरंगा यात्रा में शामिल विधायक समेत अन्य



तिरंगा यात्रा में शामिल विद्यालय की छात्र-छात्राएं एवं महिलाएं

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

इंकलाब जिंदाबाद.., हिन्दुस्तान जिंदाबाद.., भारत माता की जय.., देश के वीर शहीदों अमर रहे.. के नारों से बुधवार को पूरा विष्णुगढ़ गूंज उठा। मौका था विष्णुगढ़ में अब तक की सबसे लंबी तिरंगा यात्रा का। करीब पांच किमी लंबी विष्णुगढ़ के ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए हर घर से लोगों के कदम निकल पड़े। सावन की रिमझिम फुहारों के बीच भी लोगों का जोश व उल्लास कम नहीं हुआ। कतारबद्ध तरीके से करीब दस हजार से अधिक लोग शामिल होकर लोगों में देशभक्ति का जोश भरते रहे। हर हाथ में तिरंगा से पूरे प्रखंड का माहौल तिरंगामय हो गया। विष्णुगढ़ प्रखंड प्रशासन की इस अनूठी पहल की लोगों ने काफी प्रशंसा की। तिरंगा यात्रा की शुरूआत विष्णुगढ़ इंटर क०लेज परिसर से शुरू हुई। जो सातमील मोड़, विष्णुगढ़ थाना, ब्ल०क रोड़, चेडरा, अखाड़ा चौक होते हुए विष्णुगढ़ उच्च विद्यालय परिसर पहुंचकर जन गण मन राष्ट्रगान के साथ समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में सभी जनप्रतिनिधि, आंगनबाडी सेविका, सहिया, सखी मंडल की महिलाएं, राजनीतिक दलों के नेता कार्यकर्ता, डीलर समेत विष्णुगढ़ उवि, मवि विष्णुगढ़, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बाल विकास विद्यालय, गुरूग्राम पब्लिक स्कूल, बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल, चौतन्य आवासीय विद्यालय, प्रोजेक्ट बालिका उवि, एम्बिशन पब्लिक स्कूल समेत अन्य कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा यात्रा में रंग भर दिया। यात्रा में भारत माता, झांसी की रानी, कस्तूरबा, पद्मामती, दुर्गावती, भगत सिंह, चंद्रशेखर समेत अन्य कई महापुरूषों की वेशभूषा में सजे बच्चे आकर्षण का केन्द्र रहे। तिरंगा यात्रा में विधायक जेपी पटेल के अलावा जिप सदस्य शेख तैयब, प्रमुख जैबुन निशा, उपप्रमुख सरयू साव, बीडीओ संजय कोंगारी, सीओ रामबालक कुमार, भुवनेश्वर पटेल, गुरू प्रसाद साव, केबी मंडल, निर्मल कुमार, चंद्रशेखर, दुलारचंद पटेल, संतोष पटेल, राजू श्रीवास्तव, रामचंद्र यादव, मुन्नी देवी, मुनिया देवी, बेलाल अंसारी, अशोक गुप्ता, महेन्द्र महतो, नवलकिशोर वर्मा, राजेन्द्र सिंह, रीना बर्मन समेत कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

## बीईईओ राकेश ने बीआरसी में दिया योगदान, शिक्षक संघ व कर्मियो ने किया स्वागत

### अपने को अपनो के बीच पाकर हर्षित महसूस कर रहा हूँ : राकेश सिंह



**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

नव पदस्थापित बीईईओ राकेश कुमार सिंह ने बीआरसी कार्यालय चौपारण में अपना योगदान दे दिया। इससे पूर्व राकेश कुमार का भव्य स्वागत किया गया। बीआरसी कर्मियो, बीआरसपी सीआरपी संघ, शिक्षक संघ व सहायक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल बीईईओ को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मालूम हो कि राकेश कुमार बुनियादी विद्यालय ढूठी में सहायक शिक्षक के रूप में 15वर्षो तक कार्य किया। आज पदाधिकारी के रूप में चौपारण लौटे है। मध्य विद्यालय चौपारण की बालिकाओं ने बीईईओ पर फूलों का बौछार कर कार्यालय तक पहुंचाया। स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीईईओ राकेश कुमार ने कहा कि अपने को अपनो के बीच पाकर हर्षित महसूस कर रहा हूँ। कहा मैं आज भी आपलोगों के लिए वही शिक्षक राकेश कुमार हूँ। टीम भावना के साथ कार्य करेंगे और चौपारण को जिले में अग्रणी स्थान तक ले जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसआरपी जनार्दन वर्मा ने कहा कि राकेश सर को पूर्व परिचय का लाभ मिलेगा और चौपारण में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधार करने में सहयोग मिलेगा। मौके पर बीपीओ आरिफ अंसारी, बीआरपी मो सईद, बजरंगी प्रसाद, सीआरपी प्रभाकर अम्बुधि, शैलेन्द्र पांडेय, विश्वनाथ साव, प्रान्तोष सिंह, शिक्षक मो कैसर आलम, राकेश कुमार, बद्दी उजमा, विष्णुधारी राम, कैलाश साव, सीताराम यादव, सुधीर कौशल, निशु सिंह, सरोज कुमारी, राजकुमार प्रजापति, बीआरसी कर्मी किशोर कुमार, गिरधारी महतो, पवन कुमार, शशि कुमार, प्रदीप पासवान, रूपलाल रविदास सहित अन्य।

## आरओआईएस : विद्यार्थियों के बीच राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन, रक्षा बंधन उत्सव मना



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

रसोइया धमना बरही में संचालित रॉयल ऑर्चिड इंटरनेशनल स्कूल में अपने छात्रों के बीच राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया है। प्रतियो. गिता में सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया और प्रतियो. गिता के लिए 100 से अधिक राखी तैयार की। प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा की जीनत परवीन ने प्रथम, छठी कक्षा की गीता कुमारी ने द्वितीय और सातवीं कक्षा की स्वेता राणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा रितिका, प्राची, आकांशा, रिशु, रागिनी, नेहा द्वारा बनाई गई राखी ने विभिन्न प्रकार की राखियों में अपनी रचनात्मकता और कौशल का परिचय दिया है। उन्हें प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सभी राखियां भी रंग बिरंगी थीं और विद्यार्थियों की लगन की रचनात्मकता दिखाई दे रही थी। प्राचार्य अनूप कुमार सिंह ने सभी छात्रों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि स्कूल हमेशा अपने छात्रों को नियमित पढ़ाई के अलावा विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करता है। यह छात्रों को उनके काम के माध्यम से उनकी क्षमता और रचनात्मकता दिखाने में मदद करता है जो उनके भविष्य में उनकी मदद कर सकता है। मौके पर स्कूल की बच्चियों ने लड़को को राखी बांधकर रक्षाबंधन उत्सव मनाया। इस अवसर पर सभी शिक्षक सिमी सिंह, शेरोन थ०मस, लक्ष्मी कुमारी, उषा देवी, रीता कुमारी, इंदु कुमारी, शिव पाठ्क, सुनील पांडे, मोजीबुर रहमान, आलोक कुमार, पंकज कुमार, नवीन कुमार, प्रशांत कुमार, पवन कुमार, नीरज कुमार, संजय रविदास, प्रतिमा कुमारी और सुभाषिस पाइन ने कार्यक्रम बनाने में सहयोग किया।

## कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी 'आज़ादी की गौरव यात्रा' के तहत बड़कागांव में निकाली गई तिरंगा यात्रा

### तिरंगा हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की गौरव गाथा को समेटे हुए है – अम्बा प्रसाद



**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार तथा जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को सादर स्मरण करते हुए न्यूनतम 75 किलो मीटर तय करने वाली आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर 'आजादी की गौरव यात्रा', स्थानीय विधायक अम्बा प्रसाद, जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, जिला संयोजक सह प्रदेश के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा के सयुंक्त नेतृत्व में केरेडारी से दिन मंगलवार को शुरुआत की गई थी जो कि बड़कागांव ब्ल०क मोड़ के समीप समाप्त हुई थी। गौरव यात्रा दूसरे दिन बड़कागांव प्रखंड के झारखंड क०लेज से निकाली गई एवं बड़कागांव मुख्य चौक होते हुए सूर्य मंदिर, लंगातू , डाड़ी कला, चेपा खुर्द सिदवारी, नगड़ी होते हुए कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र को रवाना हो गई। झारखंड क०लेज बड़कागांव से निकले तिरंगा यात्रा के दौरान भारी मात्रा में महिला-पुरुष मौजूद रहे जिसमें मुख्य आकर्षक का केंद्र 60 फीट का तिरंगा झंडा रहा।यात्रा के दौरान भारी बारिश होती रही लेकिन लोगों का उत्साह बिल्कुल भी कम ना हुआ, लोग तिरंगा झंडा लिए निर्धारित रूट के तहत गौरव यात्रा को सफल बनाने में लगे हुए थे। इस अवसर पर विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि आजादी के 75 वीं वर्ष निकाले जा रहे गौरव यात्रा न केवल एक पदयात्रा नहीं बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों को विनम्र श्रद्धांजलि है जिनके बलिदान के बल पर आज हम आजादी की हवा में सांसें ले रहे है। उन्होंने कहा देश का तिरंगा हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की गौरव गाथा को समेटे हुए है।जिला संयोजक मानस सिन्हा ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने संघर्ष करके अपने प्राणों की आहुति देकर हमारे देश को आजाद कराया था। गौरव यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने में बड़कागांव प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। गौरव यात्रा कार्यक्रम में युवा जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव, शैलेंद्र यादव, तबस्सुम खान , राम सेवक सोनी, शेख अब. दुल्ला, युवा प्रखंड अध्यक्ष बाबर, त्रिलोकी साव, उमेश साव, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, संतोष राणा, रियासत हसन, पदुम साव,जमाल सगीर, बबलू साव, रितेश ठाकुर, सनी कुमार, चंद्रिका साव ,कुलेश्वर राम ,शमशेर अंसारी समेत सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

## चौंबर ऑफ कॉमर्स को जिला प्रशासन गिरिडीह ने सौंपा राष्टधवज वितरित करने का कार्य

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

देश की स्वतंत्रता दिवस के 75वें वर्ष पर पूरा देश अमृत महोत्सव मना रहा है। चौंबर ऑफ कॉमर्स के सेक्रेटरी निर्मल झुनझुनवाला ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि दिनांक 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत गिरिडीह जिला प्रशासन द्वारा हम लोगों के चेंबर अ०फ क०मर्स को निगम क्षेत्र के सभी व्यवसायियों के यहां राष्ट्रध्वज वितरित करने का कार्यभार सौंपा गया है। वर्तमान में मकतपुर रोड में प्रदीप इलेक्ट्रिक हैवेल्स शोरुम, काली बाड़ी के पास संजय स्टोर, बड़ा चौक के पास श्री राकेश मोदी की रेक्स दुकान, शिव मोहल्ला में सोनू केडिया की दुकान, कचहरी रोड में अशोक इलेक्ट्रिकल्स, और पचंबा में नीलू केडिया की दुकान पर राष्ट्रध्वज उपल. ब्ध कराया जा रहा है। सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने निकटतम स्थान से अपने लिए और अपने आसपास के 5-10 दुकानदारों जिनका नाम देना आवश्यक है, उसके लिए राष्ट्रध्वज प्राप्त कर लें और यथासंभव कल ही उसका वितरण कर दें, ताकि समय पर राष्ट्रध्वज अधिकाधिक व्यवसायियों की दुकान/ घर पर लग सके। सदस्यों का सक्रिय सहयोग इस अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक है ताकि हम लोगों को 12 तारीख की शाम तक जिला प्रशासन को वितरित किए गए राष्ट्रध्वज की संख्या और सूची उपलब्ध कराने में कोई कठिनाई नहीं हो। उन्होने यह भी कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कल 11 अगस्त 2022 दिन गुरुवार को पूर्वाह्न 11रू00 बजे चौंबर सदस्यों द्वारा टावर चौक से व्यवसायियों को राष्ट्रध्वज वितरित करने का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। अधिकाधिक सदस्यों से अनुरोध है कि वह इस अभियान में शामिल हो ताकि एक अच्छा संदेश जिला में जाए।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## भाकपा माले पार्टी कार्यालय में भाकपा माले प्रखंड कमिटि की एक संक्षिप्त बैठक आयोजित किया गया

### 22 अगस्त को बिरनी प्रखंड मुख्यालय घेराव

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखंड के भाकपा माले पार्टी कार्यालय में भाकपा माले प्रखंड कमिटि की एक संक्षिप्त बैठक आयोजित किया गया। । बैठक के माध्यम से एक जन आन्दोलन का रूप रेखा तैयार करते हुए किसानों के ज्वलंत समस्याओ को लेकर अगामी 22 अगस्त को बिरनी प्रखंड मुख्यालय का घेराबंदी करने का निर्णय लिया गया।। प्रखंड कमिटि बैठक की अध्यक्षता भाकपा माले प्रखंड सचिव सीताराम सिंह ने किया।। जबकि मौके पर मुख्य रूप से भाकपा माले के वरिय साथी मुस्तकीम अंसारी, अशरेश तुरी प्रमुख रामु बैठा,उपप्रमुख शेखर सुमन,जिप सदस्य प्रतिनिधि सीताराम पासवान, राम. विलास पासवान, मुंशी विश्वकर्मा,रामसहाय यादव, पंसस कामेश्वर मंडल ,पंसस बद्री राम, प्रमोद सिंह, बृजमोहन विश्वकर्मा,टेकनारायण सिंह, पिन्टु यादव,विशुनदेव वर्मा, टेकनारायण पंडित, मुखिया प्रतिनिधि सागिर अंसारी,देवा दास समेत प्रखंड कमिटि के तमाम मेम्बर उपस्थित थे।।

## खुशहाल जीवन जीने के लिए पौधे लगाना जरूरी है : मोहम्मद मुमताज़

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड अंतर्गत पिहरा पूर्वी पंचायत में संचालित मदनी पब्लिक स्कूल के निदेशक मोहम्मद मुमताज़ ने बुधवार को पर्यावरण संरक्षण में अपनी अहम योगदान देते हुए वृक्षारोपण का कार्य किया। इस दौरान आज उन्होंने दर्जनों पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई अपनी जिन्दगी आनंदमय तरीके से जीना चाहता है तो उन्हें प्रत्येक वर्ष पौधे अवश्य लगाना चाहिए। पौधे हमारे पर्यावरण के लिए कितना जरूरी ये विगत कुछ वर्षों से लोगों को भली भांति समझ आ रहा है। उन्होंने कहा कि पौधे हमारे लिए वरदान है इसलिए मैं हर साल दर्जनों विभिन्न विभिन्न प्रकार के पौधे लगाता हूँ। अनेकों प्रकार के पौधे लगाने के कारण उनके विद्यालय का बगीचा काफी हरा भरा और खुशनुमा दिखता है। कहा कि उनके बगीचे में आम, अमरूद, जामुन, शरीफा, संतरा, लीची, नीबू आदि सैकड़ों प्रकार के पौधे लगे हुए है जहां बैठकर प्रकृति की सुंदरता का आनंद वे बैठ कर लिया करते है।

## 11अगस्त को बिशनपुर में होगा शानदार अखाड़े का आयोजन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह की उपनगरी पचम्बा के बिशनपुर में यूनाइटेड स्पोर्ट क्लब बिशनपुर (यूएससी) द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुहर्रम त्यौहार के मौके पर शानदार अखाड़ा कंपीटिशन का प्रोग्राम रखा है। प्रोग्राम की मुक्कमल जानकारी देते हुए मोहमद आफताब ने कहा कि 11अगस्त 2022को शाम पांच बजे शाम से यूनाइटेड स्पोर्ट क्लब बिशनपुर में एक अखाड़ा कंपीटिशन रखा गया है। अखाड़े में बेहतर प्रदर्शन करने वाले टीम को फर्स्ट प्राइज 21000रुपए नगद और एक कप, सेकेंड प्राइज 15000नगद और एक कप और थर्ड प्राइज 8000रुपए नगद और एक कप दीया जायेगा। मीडिया को जानकारी देते वक्त एमडी आफताब, एमडी जमील, एमडी औसेद, एमडी चांद, एमडी शब्बीर, एमडी साबिर, एमडी जाहिद, एमडी कल्लू, एमडी शमशुद्दीन और एमडी वाहिद मौजुद थे।

## 15 दिनों के अंदर दो मवेशियों की गई जान

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत कटारियाटांड गांव में बिजली के चपेट में आने पर एक मवेशी की जान चली गयी। जानकारी के मुताबिक बता दे कि कटारियाटांड गांव निवासी इस्तिखर अंसारी के बैल चरने के लिए गए थे। तभी वहा बैल बिजली के चपेट में आ गया औऱ घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।बताया जाता है कि 15 दिन पहले एक गाय की बिजली की चपेट में आ गई थी सुल्तान अन्सारी का बताया जा रहा है। वहां के ग्रामीण जब पहुँच तो देखा बैल की मृत्यु हो चुका था। वही ग्रामीण ने बताया कि लागतार बिजली विभाग की लापरवाही से जान जा रही है।

## लोकतंत्र की रक्षा के लिए बिहार में महागठबंधन कि सरकार बनाना उचित फैसला : देवानंद

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने पर राजद कार्यकर्ताओं में खुशी है खुशी के अवसर पर राजद कार्यकर्ताओं ने जमुआ चौक पर विजय जुलूस निकाला। इस दौरान राजद कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी वहीं इस जीत की खुशी में जमकर आतिशबाजी की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद नेता देवानंद हाजरा ने कहा कि बिहार में गठबंधन की सरकार नहीं यह लोकतंत्र की सरकार है भाजपा देश के संविधान के साथ छेड़छाड़ कर रही है । जिसके कारण लोकतंत्र ख़तरे में है । श्री हाजरा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार युवा एवं गरीब विरोधी सरकार है । जनता को झुठा वादा कर सता में आना इनका पुराना आदत है । जनता कि विकास के लिए महागठ. बंधन कि सरकार भविष्य के लिए बेहतर साबित होगा। प्रदेश सचिव गिरेंद्र यादव ने कहा कि लालू यादव गरीबों के मसीहा है उनके देखरेख में बिहार के साथ-साथ झारखंड का भी चहुमुखी विकास होगा। मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता हुलास यादव , जिला उपाध्यक्ष रामकिशुन यादव , अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मो सबदर अली , प्रखंड अध्यक्ष मो लालबेग , वरिष्ठ नेता तीतु यादव , पुर्व प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन यादव , कासीम अंसारी , युवा नेता निरजन यादव , पुरन यादव, उमेश हाजरा, संजय हाजरा, चांदनी देवी, अमोलवा देवी, मोहनी देवी , चमेली देवी समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे ।

## हर घर तिरंगा को लेकर माले ने गांवा बाजार में निकाला फ्लैग मार्च







**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आगामी 15 अगस्त को हमारा देश आजादी के 75 वर्ष पूर्ण कर रहा है एवं पूरा देश इस 75 वीं वर्षगांठ को ष्आजादी का अमृत महोत्सव केष रूप में मना रहा है। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ष्आजादी का अमृत महोत्सवष के तहत 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान मनाया जा रहा है। भाकपा माले कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे गांवा बाजार में तिरंगा झंडा के साथ फ्लैग मार्च निक. ाला गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव जी उपस्थित थे। राजकुमार यादव ने कहा कि आज देश स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, यह आजादी हमें यूं ही नहीं मिली। इसके लिए न जाने कितने फांसी के फंदे पर झूले थे और न जाने कितनों ने गोली खाई थी, तब जाकर हमने यह आ. जादी पाई थी। देश ऋणी है उन क्रांतिवीरों का जिन्होंने देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन शहीदों के सपनों का भारत बनाओ, लोकतंत्र बचाओ संविधान बचाओ मौके़ पर इंनौस जिला सचिव अशोक मिस्त्री, जिला कमिटी सदस्य सकलदेव यादव,जिला परिषद सदस्य पवन चौधरी, सांख पंसस अकलेश यादव, बादीडीह पंसस अशोक यादव, प्रदीप यादव, सद्दानंद यादव, रंजीत कुमार, पिंटू कुमार, लखन मंडल, राकेश कुमार, पंकज कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मुहर्रम पर ताजिया और लाठी मुकाबला का आयोजन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी हुए सम्मानित

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव– मुहर्रम के मौके पर बड़कागांव थाना के समीप डाक बंगला परिसर में ताजिया और लाठी मुकाबला का आयोजन युवा समाजसेवी सोनू इराकी एवं अन्य विशिष्ट लोगों के नेतृत्व में किया गया। मुकाबले में बड़कागांव, चट्टी, छवनिया,सिरमा, पंडरिया ने भाग लिया जिसमें पहला स्थान ताजिया में छवनिया, दूसरा स्थान चट्टी, तीसरा स्थान सिरमा, और लाठी मुकाबला में पहला स्थान छवनिया, दूसरा स्थान बड़कागांव, तीसरा स्थान पंडरिया ने हासिल किया, कार्यक्रम का संचालन जानिसार आलम ने किया। इस दौरान मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि बड़कागांव एसडीपीओ अमित कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह, थाना प्रभारी विनोद तिर्की, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइया, एसआई विजय सिंह, अजीत कुमार, मध्य पंचायत मुखिया तकरीमुल्ला खान, पश्चिमी पंचायत मुखिया रंजीत कुमार ,बादम मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, जिप सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, सहेश कुमार के हाथों खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से बेलाल सगीर, वसीम फिरोज,मजहर खान, मोहम्मद कलीम, फिरोज खान ,फिरोज आलम, मोहम्मद साबिर, मोहम्मद हकीम के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## मेरिट लिस्ट के आधार पर कुल 2660 विद्यार्थियों का होगा नामांकन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बड़कागांव का एकमात्र स्नातक स्तरीय करणपुरा महाविद्यालय में सत्र 2022 –2026 के लिए विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग द्वारा 16 अगस्त तक नामांकन अ०नलाइन पोर्टल में किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी कर्णपुरा महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कृति नाथ महतो ने दी है। उन्होंने आगे बताया कि मेरिट लिस्ट के आधार पर हीं विद्यार्थियों का नामांकन किया जाएगा। इसके तहत विभिन्न विषयों के लिए कुल 2660 विद्यार्थियों का नामांकन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें रसायन विज्ञान में 50 ,अर्थशास्त्र 150, इंग्लिश में 200, फाइनेंसियल एकाउंटिंग क०मर्स में एक सौ, भूगोल में डेढ़ सौ,हिंदी में 350, इतिहास में 450 सौ, खोरठा में डेढ़ सौ ,गणित में 50, भौतिक विज्ञान में 50 ,फिल०सफी में 50 ,सामाजिक विज्ञान में 400, सोशल०जी में 330 ,उर्दू में डेढ़ सौ, जूल०जी में 30 विद्यार्थियों का नामांकन लिया जाएगा।

## बड़कागांव में एस 2 मार्ट का हुआ शुभारंभ

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




उद्घाटन के मौके पर उपस्थित लोग।

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत ढेंगा ब्ल०क मोड़ के पास नए संस्थान एस 2 मार्ट का शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के हाथों फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर संस्थान का उद्घाटन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि संस्थान का प्रोपराइटर ग्राहकों का विश्वास जीतने का प्रयास करें ताकि संस्थान बेहतर तरीके से आगे संचालित हो सके। वही प्रोपराइटर हरली ग्राम निवासी सुबोध कुमार( पिता सुखदेव प्रसाद) ने कहा कि एस 2 मार्ट मे शुद्धता के साथ सभी प्रकार की खाने की सामग्री वाजिब दामों में उपलब्ध हैं। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकुटधारी महतो, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, कर्णपुरा कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, पूर्व जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, लालमणि महतो, जेएमएम के वरिष्ठ नेता झम्मन प्रसाद, रामधनी महतो, दिनेश सिन्हा, सुभाष सिंह,सुरेंद्र कुमार , पूर्व मुखिया भीखन महतो, हुलास प्रसाद दांगी ,अरविंद कुमार, सुखदेव प्रसाद, दीप नारायण देव, कमल नाथ महतो, बैजनाथ महतो, बैद्यनाथ महतो के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## बच्छई में निकला तिरंगा यात्रा, पूर्व विधायक ने तिरंगा देकर बाईक रैली का किया शुभारंभ

### तिरंगा के गौरव को पीएम मोदी ने विश्व पटल तक पहुंचाया : मनोज यादव





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बच्छई मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक के अगुवाई में बाईक रैली निकाला गया। बतौर मुख्यातिथि पहुँचे बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि जीप सदस्या आरती कौशल ने लोगों को तिरंगा देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तिरंगा यात्रा सिंघरावां मोड़ से शुरू होकर डुमरी, चक, मलिकाना होते हुए ओबरा, सेवई फिर बच्छई से वापस आकर सिंघरावां मोड़ पर समाप्त हुवा। इस दौरान पूर्व विधायक बाइक पर बैठकर लोगों को हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि तिरंगा के सम्मान से गौरान्वित महसूस होता है। तिरंगा के गौरव को आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने विश्व पटल तक पहुंचाया। तिरंगा यात्रा में पंचायत समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चंद्रवंशी, समाजसेवी तुलेश्वर यादव, अधिवक्ता बसंत साव, दिनेश यादव बासुदेव यादव, अकबर अंसारी, तौसीफ अंसारी, सुनील साव, बद्री साव सहित अन्य।

**सूदूरवर्ती इलाका जमुनियातरी पहुँचा हर घर तिरंगा कार्यक्रम**

मुखिया अर्चना हेबरम और मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार यादव के अगुवाई में सूदूरवर्ती इलाका जमुनियातरी में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों के बीच तिरंगा झंडा वितरण किया गया।

**पडरिया मुखिया के अगुवाई व प्रमुख कि उपस्थित में निकला तिरंगा यात्रा**

चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी के उपस्थिति में पडरिया मुखिया पप्पू रजक ने इंग.निया प्लस दो उच्च विद्यालय के बच्चो संग निकाला तिरंगा यात्रा । हर हाथ मे तिरंगा हर घर मे तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए प्रमुख पूर्णिमा देवी ने लोगों को प्रेरित किया। मौके पर शिक्षक प्रदीप कुमार, प्रवीण गुप्ता, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह सहित अन्य।

## बरनवाल समाज की महिलाओं ने मनाया श्रावणी महोत्सव

### गीत–गायन के साथ कई कार्यक्रमों की हुई प्रस्तुति

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



बरनवाल महिला समिति विष्णुगढ़ की महिलाओं द्वारा बरनवाल धर्मशाला में श्रावणी महोत्सव का आयोजन किया गया। गायत्री मंत्र के बीच समाज के पुरोधा महाराजा अहिबरन जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। हरे रंग की परिधान में सजी महिलाओं ने एक से बढ़कर एक श्रावणी गीतों की प्रस्तुति की। इसके पश्चात म्यूजिकल पिलो गेम के अलावा बच्चों के द्वारा भी कई तरह के खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार का भी वितरण किया गया। समिति की कोषाध्यक्ष प्रिया बरनवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से संगठन सशक्त होता है। सावन का महीना हरियाली और समृद्धि का प्रतीक है। इसका सामूहिक रूप से आनंद उठाने को लेकर समाज द्वारा श्रावणी महोत्सव का आयोजन किया गया है। मौके पर उपाध्यक्ष अनिता बरनवाल, बीणा बरनवाल, कोषाध्यक्ष प्रिया बरनवाल, सह कोषाध्यक्ष सीमा बरनवाल, सचिव दीपा बरनवाल, सह सचिव ममता रानी, मीडिया प्रभारी शालिनी बरनवाल समेत कई महिलाएं मौजूद थी।




## कर्णपुरा महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान चलाया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई की गई। जिससे बरसात के मौसम होने की वजह से महामारी नहीं फैले तथा कीड़े दृमकोड़े पनप सके।राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को अपने आस–पड़ोस को हमेशा साफ रखने का निर्देश दिया गया।आयोजन कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो के मार्गदर्शन में चलाया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो पूर्व प्राचार्य ज्योति जलधर , प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज , ललिता कुमारी,पवन कुमार लाइब्रेरियन नागेश्वर महतो एवम् स्वयं सेवक संदीप कुमार, बब्लू कुमार, ललिता कुमारी, अफसाना प्रवीण आदि उपस्थित थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## कर्बला में दिखाया हैरतअंगेज खेल,मंच पर उपस्थित रहे कमेटी के लोग और अन्य









**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड अंतर्गत 22 मुवाज़ा से कर्बला में लोग फ़ातिहा पढ़ते हैं। बता दे कि बिरनी प्रखंड में सबसे बड़ा मेला का आयोजन किया जाता है।जानकारी के मुताबिक बता दे कि इस कर्बला मैदान में लोगो से जन सैलाब उमड़ पड़ा है।बता दे कि इस कर्बला मैदान में आधा दर्जन गांवों ने कर्बला मैदान में अखाड़े के प्रदर्शन दिखाया करते थे। लेकिन दो साल कोरोना काल मे सबको आलस बना के रख दिया,वर्तमान में दो ही गांव के अखाड़े दिखाते है,एक गुलशने रजा बलगो और वही दूसरे में इस्लाम क्लब कोडराटांड के ही नोजवानो ने अखाड़े प्रदर्शन दिया। वही मेले में चोमिन चाट के ठेले लगा गया था। कर्बला कमेटी के तरफ से पेयजल उपलब्ध कराया था। जिसमें बिरनी पुलिस ने भी इस कर्बला मैदान में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ताकि इस माले में कोई भी घटना नहीं हुआ हर जगह में पुलिस को तैनात किया गया था। वही कमेटी की और से टीम गठित किया था। क्योंकि अगर इस कर्बला मैदान में कोई भी किसी भी प्रकार हुड़दंग मचाने की कोशिश करता है तो कर्बला कमेटी के तरफ से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करेगी, साथ मे बता दे कि इस कर्बला में बड़े बड़े ताजिया लाया गया था। जिसमें सबसे बड़े ताजिया कोडराटांड का है, ताजिया काफी ऊंचा था। इस ताजिया को एक दिन रात में तैयार गांव के लोग करते हैं। बता दे कि साथ फ्लोर का बनाया गया था। जिसके कर्बला के कमेटी एक जैसा हर दम रहे जब तक खड़े रहे। वही कर्बला कमेटी के लोग उपस्थित रहे जिसमें कर्बला कमेटी के सादर अल्लाउद्दीन अन्सारी, सिकरेटरी सगीर अन्सारी,पूवी ज०न के जिला परिषद सदस्य सूरज सुमन, पूर्व जिला परिषद नारायण पाडेय, उप प्रमुख शेखर सुमन, बिरनी इंसपेक्टर मुकेश दयाल सिंह, सलामत अन्सारी, मो. इनुद्दीन, जैनुल अन्सारी, यूनुस, कमरुल,बलिया मुखिया प्रतिनिधि सगीर अन्सारी पंचायत समिति बद्री राम आदि उपस्थित रहे हैं।

बता दे कि मुस्लिम समुदाय के पहले महीना मुहर्रम से शुरू होता है। और मुस्लिम समुदाय लोग इसे आपने रीति रिवाज के साथ मानते हैं। साथ मे इस मोहर्रम खास इसलिए है, क्योंकि शहीद इमाम हुसैन और जब कर्बला के जंग में गए थे। तो उस जंग में शहीद हुए थे।इसके शाहिद,शाहिद इमाम हुसैन की याद में मोहर्रम मनाया जाता है।

## गिरीडीह सदर प्रखंड के बन्दरकुप्पी,बराकर में मोहर्रम दशमी का जुलूस बड़े धूम धाम से निकाला गया।

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



सदर प्रखंड के बन्दरकुप्पी में मोहर्रम का जुलूस बड़े धूमधाम से निकाला गया जिसमें ग्रामीणों के सहयोग से जुलूस को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बन्दरकुप्पी के मैदान में स्टार क्लब के सभी न०जवनो ने एक से बढ़कर करतब दिखया।। जिसमे पालमो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द यादव ने कहा कि कोरोना काल के कारण आज दो साल के बाद मुस्लिम भाइयो ने इस मोहर्रम को बहुत धूमधाम से मनाया,सभी मुस्लिम भाइयो ने अपना अपना खेल दिखाया।जो कबीले तरीफ है। जिसमे श्री सुरेंद्र यादव एवम अनिल साहू जी ने मुस्लिम बच्चो को पुरुस्कार देकर बच्चो का हौसला बढ़ाया। तथा कहा कि ये मोहर्रम पर्व हिंदू-मुस्लिम भाईचारा को मजबूत बनाता है।वही पंचायत समिति सदस्य श्री अनिल साहू जी ने सभी को आभार प्रकट किया। और धन्यवाद ज्ञापन किया। मोके पर बन्दरकुप्पी अंजुमन कमिटी के सदर कुर्बान मियां, नाज सदर मंजूर मियां,सेकेट्री मुमताज अंसारी,क०मरेड शाहनवाज खान,रुस्तम आलम ,सुरेंद्र यादव ,संजय गुप्ता,धनेस्वर साव,राजेन्द्र राय, सुरेश राय, अंसारी,मुमताज अंसारी,मुस्लिम अंसारी,आ. शिक हुसैन अंसारी,एकबाल हुसैन,इदरीश आलम,समसेर अंसारी,आदि मौजूद थे।

मो0 समसुल

वायरिंग, पलम्बर, मोटर फीटिंग एवं रिपेयरिंग के लिए संपर्क करे।



संपर्क सं0—8825280049

## आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर माले ने शुरू किया 7 दिनों का श्संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओश शहीदों के सपनों का भारत बनाओश अभियान

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर भाकपा माले की ओर से एक सप्ताह का विशेष अभियान आज 9 अगस्त, श्अंग्रेजों भारत छोड़ोश आंदोलन दिवस से शुरू किया गया है, जो आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक चलेगा। पार्टी के सभी नेता कार्यकर्ता इस अभियान से जुड़कर अधिकाधिक लोगों के बीच जाएंगे तथा देश की आजादी के संघर्षो और उन संघर्षो के शहीदों के सपनों, भारत के संविधान के उद्देश्यों के साथ-साथ देश की मौजूदा स्थिति पर भी चर्चा करेंगे। माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने आज इसी अभियान के तहत बेंगाबाद प्रखंड के खेरोन गांव के लोगों के साथ बैठकर उक्त चर्चा की। उन्होंने कहा कि, हमें देश की आज़ादी के शहीदों के सपनों का भारत बनाना है। ये देश समस्त देशवासियों का है। नफरती भावना पैदा कर देश को भीतर से कमज़ोर करने की कोशिश हो रही है। शहीदों का सपना शोषण मुक्त, लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष भारत का था। उन्होने यह भी कहा कि, आजादी की लड़ाई में संघ और उसके समर्थक संगठनों ने कभी भाग नहीं लिया, बल्कि वे हमेशा अंग्रेजों के प्रति वफादारी करते रहे। गांधी को गोली मारनेवालों की विचारधारा को माननेवाले देश का भला नहीं कर सकते। आज देश में आजादी की मूल भावना पर हमला हो रहा है। लोगों के अधिकारों पर हमले हो रहे हैं। देश की संपत्तियों को कौड़ी के भाव नीलाम किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से 10 अगस्त को आज़ादी मार्च और 15 अगस्त को झंडोत्तोलन तथा शहीदों के सपनों का भारत बनाने के संकल्प कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। मौके पर दिनेश यादव, छोटू यादव, लक्ष्मण यादव, महेंद्र यादव, पंकज राणा, चिकन यादव, विसनाथ यादव, पंकज ठाकुर, सुरेंद्र यादव, बद्री यादव, पवन यादव, प्रयाग यादव, सोनू यादव, सरजू यादव, अजय राणा आदि मौजूद थे।

## बडियाबाद में हर्षोल्लास पूर्वक निकाली गई मुहार्रम जुलुस

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला अन्तर्गत बेंगाबाद प्रखंड के बडीयाबाद गांव में मोहर्रम का त्यौहार बहुत शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। मुहर्रम का जुलूस हो या अखाड़ा हरेक जगह गंगा यमुना की तहजीब का नजारा देखने को मिला। गिरिडीह ज़िला प्रशासन ने मुहर्रन को लेकर विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए चाक चौबंद व्यवस्था कर रखी है। जिला भर में चिन्हित संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थानों पर विशेष नज़र रखी जा रही है। बडियाबाद गांव में मुहर्राम के जुलुस में मुख्य रूप से मोहम्मद कमरुद्दीन अंसारी जब्बार अंसारी नकुल यादव अरविंद यादव मुमताज अंसारी जुम्मन मियां अशोक कुमार यादव अनवर अंसारी महबूब अंसारी बदरुद्दीन अंसारी अंसारी कादिर अंसारी गयासुद्दीन अंसारी समेत सैंकड़ों लोग शामिल थे।

## भारतीय यूवा कांग्रेस का 62वीं स्थापना दिवस गिरिडीह में संपन्न





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह में यूवा कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मो. हम्मद हसनैन अली के नेतृत्व में स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष मोहम्मद हसनैन अली ने मिडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि आज भारतीय युवा कांग्रेस के 62वें स्थापना दिवस के अवसर पर गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो हसनैन अली के मोहनपुर स्थित आवासीय कार्यालय के समक्ष पार्टी का झंडा फहराया गया और बच्चों युवाओं को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभक. ामनाएं दिया !

जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने यह भी बताया कि आज भारतीय युवा कांग्रेस पूरे देश में अपने 62 वें स्थापना दिवस को मना रही है और इसी को लेकर आज गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस की ओर से अपने आवासीय कार्यालय में पार्टी का झंडा फरहाया गया और मिठाई वितरण कर स्थापना दिवस को मनाया गया है और मैं बताना चाहता हूं की 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद से लगातार महंगाई चरम स्तर पर बढ़ रही है, बेरोजगारी दिन दुगनी रात चौगुनी तरक्की कर रही हैं, जीएसटी ने देश के व्यापारियों पर कर्ज का बोझ डालने का काम किया और अग्नीपथ योजना लाकर युवाओं के भविष्य को अग्नि में डालने का काम केंद्र सरकार ने किया है और मैं निश्चित तौर पर यह कहना चाहता हूं युवा कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता को संगठनात्मक मजबूती के लिए परिश्रम करने की आवश्यकता है ! साथ ही भारतीय युवा कांग्रेस के 62वें स्थापना दिवस पर मैं यह संकल्प लेता हूं कि संगठन के सशक्तिकरण के लिए मुझे दिन रात काम करना पड़े तो मैं पीछे नहीं हटूंगा और पूरी ईमानदारी से संगठन के प्रति समर्पित रहूंगा ! कार्यक्रम में मुख्य रूप से परशुराम वर्मा, इमरान शाह ,विनय वर्मा, मो इम्तियाज, मो शब्बीर, रोहित कुमार, मो असलम विक्की दास, अकबर शाह समेत कई लोग मौजूद थे ।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जंगल बचाने को लेकर आदर्श फाउंडेशन ने निकाला मशाल जुलूस

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदर्श फाउंडेशन के द्वारा पसनौर ग्राम पंचायत के सुदूरवर्ती ग्राम बल्थरवा में मशाल जुलूस के माध्यम से जल, जंगल और जमीन बचाने का संकल्प दुहराया गया। बल्थरवा के सामाजिक कार्यकर्ता रमेश हांसदा ने बताया कि हम सभी को संयुक्त रुप से जल, जंगल और जमीन को बचाने की प्रतिबद्धता को जारी रखना होगा, उजड़ रहे जंगलों के बारे में समूची दुनियां के लोगों को मंथन और चिंतन करने की जरूरत है। जंगल और यहां के प्राकृतिक संसाधन हमारे सच्चे मित्र हैं। मशाल जुलूस में मधु हेम्ब्रम, सलगी मुर्मू, महंती देवी, छोटकी देवी, सोनिया देवी, गुड़िया मुर्मू, विनोद हांसदा, सरजू हांसदा, सुनील हांसदा, दासो हांसदा, आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी सहित गांव के लोगो की सक्रिय भागीदारी रही।

## 14 अगस्त को शास्त्रीनगर में हाथ में तिरंगा लेकर माले मनाएगी वादा याद दिलाओ दिवस

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



भाकपा माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा नें मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि आगामी 14 अगस्त को सैकड़ो की संख्या में तिरंगा के साथ शास्त्रीनगर में सैकड़ों की संख्या में माले के सदस्य,शुभचिंतक और आम जनता अपने हाथों पर तिरंगा लेकर लहरायेंगे और सभी साथियो के हाथ में मोदी सरकार के 2014 और 2019 के वादे को 10 बजे से पढ़ेंगे साथ ही साथ हेमंत सरकार के वादे को को भी पढ़ा जाएगा,ताकि आम लोगो को और आम वोटर्स को वादा याद रहे। केंद्र में मोदी सरकार वादा को पूरा नहीं कर के अब मुद्दे को भटकाने का काम कर रही है,कोरोना काल में थाली, लोटा,बजाव अभियान चला,अब मुद्दे भटकाव अभियान चल रहा है। भारत की जनता 26 जनवरी और 15 अगस्त के महत्व को भली भांति जानती है,इसको भी राजनीति रूप देने वाली भाजपा सरकार मीडिया के बल पर,पैसे के बल के मुद्दे भटकाने में सफल हो रही है।,जनता को इस बात को समझना होगा,भाजपा सरकार मुद्दे पर बात नहीं करना चाहती है,हर मुहल्ले में हर गली में 2014 के वादा और 2019 के वादे को पढ़ना होगा। राज्य सरकार का वादा भी केंद्र सरकार के जैसा ही है इसलिए इसको भी पढ़ा जाएगा, याद दिलाया जाएगा।

## गिरीडीह सदर प्रखंड के बराकर में श्री श्री 108 बाबा बराकर धाम में मेला का आयोजन शुक्रवार को होगी





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**

गिरीडीह सदर प्रखंड अंतर्गत श्री श्री 108 बाबा बराकर धाम में सावन पूर्णिमा की मेला शुक्रवार को लगेगी। यह जानकारी मंदिर के पुजारी श्याम सुंदर पांडेय ने दी और कहा कि गुरुवार को 10:30 में पूर्णिमा लग रहा है जो शुक्रवार दिन भर रहेगा ।गुरुवार को सूक्त काल होने के कारण यह दिन शुभ नही है जिसके कारण मंदिर के पुजारी संघ और मंदिर कमिटी ने यह निर्णय लिया । मंदिर के अध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि गुरुवार को सभी रात्रि को शिवभक्त बराकर नदी में आते है और उतरवहि्ि बराकर नदी में स्नान ,पूजा करके जल लेकर बाबा दुखहरन नाथ मंदिर अजीडीह,में जल अर्पित करते है ।इसलिए शिवभक्तों से निवेदन है कि वह गुरुवार रात्रि को ही आवे ।यह पर पूरे रास्ते पर सुरक्षा की उत्तम वेवस्था तथा लाइट ,खाना, पंडाल,पुजारी की वेवस्था साथ फूल बेलपत्र की विधि वेवस्था भी की गई है ।यहाँ मुफसिल प्रसासन की काफी सहयोग मिलता है ।जो गुरुवार रात्रि से ही उनकी पेट्रोलिंग दी जाती है । मौके पर मंदिर संघ के अध्यक्ष विनोद राय, सचिव राजेन्द राय, कोषाध्यक्ष शंकर केशरी, राजेन्द्र साव ,प्रदीप साव,प्रमोद कुमार, प्रेम कुमार,सुनील पांडेय,मुरली पांडेय,लक्षमण पांडेय,नरेश पांडेय,विनोद पांडेय,आदि उपस्तित थे।

## बेंगाबाद प्रखंड में भाकपा माले ने निकाला आजादी मार्च

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




भाकपा माले ने आज, आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर 9-15 अगस्त तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत श्आजादी मार्चश का आयोजन किया। गिरिडीह जिला अन्तर्गत बेंगाबाद प्रखंड में माले कार्यालय से निकाले गए आजादी मार्च की अगुवाई पार्टी नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने की। उन्होंने कहा कि, देश के करोड़ों लोग लुटेरी अंग्रेजी हुकूमत के शासन में शोषण के शिकार हुए। अनगिनत लोगों ने आजादी के लिए अपनी शहादतें दी, तब जाकर देश आजाद हुआ। लेकिन जो लोग आ. जादी की लड़ाई में अंग्रेजों के साथ खड़े रहे, अंग्रेजों को माफीनामा लिखकर उनके लिए मुखबिरी की, क्रांतिकारियों को पकड़वाने का काम किया, उनके विचारों का समर्थन करने वाले आज फर्जी देशभक्ति दिखाकर देश के लोगों को बरगलाने में लगे हैं। देश की आजादी के बाद भारत के लोगों के लिए तैयार संविधान लागू हुआ। आज उस संविधान की मूल भावना से ही खिलवाड़ किया जा रहा है, देश में लोकतंत्र खतरे में है। विरोध की आवाज दबाई जा रही है। देश की संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता खतरे में है। फासीवादी सरकार इन संस्थाओं का बेजां इस्तेमाल कर रही है। माले नेता राजेश यादव ने लोगों से आगामी 15 अगस्त को स्वतन्त्रता दिवस पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम में जगह-जगह बढ़-चढ़कर भाग लेकर देश का संविधान और लोकतंत्र बचाने तथा शहीदों के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया और कहा कि, भाकपा माले के कार्यकर्ता आजादी के 75 साल अभियान के तहत घर-घर जाकर संविधान बचाने, लोकतंत बचाने और शहीदों के सपनों का भारत बनाने का संदेश पहुंचाने का काम करेंगे। आज के कार्यक्रम में प्रखंड सचिव शिवनंदन यादव, राजेंद्र मंडल, रामलाल मंडल, अखिलेश राज, शंभू ठाकुर, फोदार सिंह, कुमार सिंह, रामलाल मुर्मू, सुनील कुमार राय, नुनु सिंह, कादिर अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, पंकज शर्मा, छोटेलाल यादव, महादेव महतो, महेंद्र साव, कुंती देवी, चंपा देवी, मुन्नी देवी, बासदेव दास, दशरथ साव, भुदाली पंडित, विक्की दास, छोटेलाल दास, दिवाली यादव, रूपनारायण महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## भाजपाइयों ने गिरिडीह में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आजादी के अमृत महोत्सव व स्वतंत्रता के 75 वें वर्षगांठ पर आज भाजपा जिला इकाई की ओर से गिरिडीह में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई. इस तिरंगा यात्रा में के केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी समेत कई भाजपाई शामिल हुए. पचंबा के हाई स्कूल से निकली इस तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए. लोग बाइक से हाथों में तिरंगा लेकर शहरी क्षेत्र के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए बड़ा चौक स्थित महावीर मंदिर पहुंचे. इस दौरान पूरे रास्ते में देशभक्ति गीतों की धुन पर युवा वर्ग थिरकते हुए नजर आए. इस बाबत केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के 75 व वर्षगांठ के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में भारत मना रहा है भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी देश के प्रत्येक नागरिक को देश भक्ति के रंग में रंगना चाहते हैं और युवाओं में खासकर यह भावना जागृत करने हेतु यह तिरंगा यात्रा निकाली गई. उन्होंने सभी से अपने - अपने घर में तिरंगा लगाने की अपील की. वंही पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मराण्डी ने भी लोगों से अपील करते हुए हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की बात कही।

## भाकपा माले ने निकला आजदी मार्च

**अपेम लाइव: बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखंड में भाकपा माले ने तिरंगा यात्रा निकलकर लोकतंत्र बचाओ,सविंधान बचाओ ,शहीदों के सपनो का भारत बनाओ,भाजपा हटाओ देश बचाओ अमृत महोत्सव के नाम पर जनता को धोखा देना बंद करो, आदि नारे लगाए गए , यह मार्च माले कार्यालय बिरनी से निकलकर हाई स्कूल पलौंजिया होकर बिराजपुर मोड़ से वापस प्रखण्ड मुख्यालय के पास आकर एक सभा मे तब्दील हो गया मार्च में मुख्य रूप से बगोदर के लोकप्रिय विधायक विनोद कुमार सिंह मौजूद थे। और उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि माले के द्वारा आज पूरे देश भर में तिरंगा मार्च देश के लोकतंत्र विरोधी , संविधान विरोधी , मोदी सरकार खिलाफ निकाला गया है ,मोदी सरकार के द्वारा अमृत महोत्सव के नाम पर जनता को धोखा दिया जा रहा है।75 वर्षो में जो भी कुछ भारत ने हासिल किया था उन सभी सरक. ारी संस्थानों को मोदी जी के द्वारा अडानी , अम्बानी के हाथों बेच दिया जा रहा है और निजीकरण का ऐसा दौर चलाया जा रहा है। कि सेना के भर्ती में भी अग्निपथ के नाम पर ठेकाकरण की तैयारी चल रही है। इन 75 वर्षो में हासिल देश के अमृत को पूंजीपतियों के हाथों में दे दिया जा रहा है। जनता के हाथ सिर्फ तिरंगा पकड़ा दिया जा रहा है । इसलिए आज देश के सभी वर्गो को इस धोखेबाज सरकार के खिलाफ हाथ मे तिरंगा लेकर सवाल करने की जरूरत है नही तो ये भाजपा के लोग देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था को चौपट कर फिर से राजतंत्र की ओर धकेलना चाहतें है । इस मार्च में पार्टी के प्रखंड सचिव सीताराम सिंह, माले जिला कमिटि सदस्य सह बिरनी प्रमुख रामु बैठा, मुस्तकीम अंसारी,अशरेश तुरी, प्रखण्ड कमिटि के रामविलाश पासवान , राजेश कु विश्वकर्मा, विष्णुदेव वर्मा, मुंशी विश्वकर्मा, सीताराम पासवान, रामसहाय यादव, सगीर अंसारी त्ल। के संतोष शर्मा, कमरुल अंसारी, भरत कु रजक, राजकिशोर बैठा, ओमप्रक. ाश विश्वकर्मा, आदि सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में राखी बनाओ एवम मेहदी लगाओ रक्षा प्रतियोगिता का आयोजन बंधन के पूर्व दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु हुआ

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



विद्या मंदिर,बरगंडा,गिरिडीह की बहनों के बीचश राखी बनाओ शएवं शमेंहदी लगाओ श्प्रतियोगिता का आयोजन हुआ ।जिसमें कक्षा षष्ठ से दशम तक की बहनों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के पश्चात बहनों ने रोली-अक्षत का टीका लगाकर अरुण, उदय, प्रभात एवं प्रथम कक्षा के छोटे-छोटे भैया-बहनों को राखी बा. धकर मिठाई खिलाया गया ।इस मौके पर छोटे-छोटे भैया-बहन काफी प्रफुल्लित नजर आ रहे थे।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## जिला कल्याण पदाधिकारी गिरिडीह के नेतृत्व में जनजातीय समुदाय टीम रांची रवाना







**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

दिनांक 9 एवं 10 अगस्त 2022 को बृहद पैमाने पर विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन मोराबादी मैदान रांची में आयोजित है । इस कार्यक्रम में सहभागिता हेतु जिला कल्याण पदाधिक.ारी गिरिडीह के नेतृत्व में 55 जनजातीय समुदाय के लोग गिरिडीह से रांची गए हैं स जहां पर वे लोग झारखंड के विभिन्न संस्कृति से परिचित होंगे । इस अवसर पर जे .एस. एल. पी. एस. गिरिडीह के द्वारा विभिन्न समूह से 8 दीदी लोगों को रांची में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस में सहभागिता हेतु गई है स जहां पर ढोकरा आर्ट ,बांस के बने सामान तथा प्लस ब्रांड के अंतर्गत वाशिंग पाउडर ,साबुन, मरुआ का आटा काला गेहूं का आटा आदि का वहां पर प्रदर्शन एवं बिक्री काउंटर बनाया गया है ।

## आरवाईए इंकलाबी नौजवान सभा ने चलाया सदस्यता अभियान

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला अन्तर्गत बेंगाबाद थाना क्षेत्र स्थित बडियाबाद गांव में आरवाईए इंकलाबी नौजवान सभा ने राज्य कमिटी सदस्य मोहमद कमरुद्दीन अंसारी की अगुआई में सदस्यता अभियान चलाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहमद कमरुद्दीन अंसारी ने कहा कि अग्निपाथ योजना देश के बेरोजगार युवाओं के साथ छलावा है, बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है इस योजना के माध्यम से केंद्र सरकार। अविलंब ऐसी ओछी योजना को वापस ले केंद्र सरकार वरना बेरोजगार युवाओं के साथ इंकलाबी नौजवान सभा सड़क से सदन तक चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी। कार्यक्रम में ग्यासुद्दीन अंसारी, नसरूल अंसारी, आसिफ अंसारी, इनामुल हक, आफताब अंसारी, अताउल अंसारी, अफजल अंसारी, चुरखी अंसारी समेत कई अन्य ने इंकलाबी नौजवान सभा का सदस्यता ली।

## मातमी का त्योहार मुहर्रम शांति से हुआ सम्पन्न

### त्योहार को शांति से मनाने को लेकर प्रशासन रही मुस्तैद





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : प्रखण्ड में मातमी का त्योहार मुहर्रम पूरे धूम धाम से एवं शांति पूर्वक सम्पन्न हो गया। प्रखण्ड के जमरी, बक्सपुरा,आरुगड़ा,चारु,मदगड़ा, कान्हाचट्टी, धमधमा, कोल्हैया,सहित बक्चुम्बा में लोगो ने जुलूस निकाल कर कर्बला में जाकर दफन किये।इस मौके पर लोगो एक से बढ़कर एक करतब भी दिखाए।लोगो ने पा.रम्परिक अस्त्र शस्त्र का प्रचालन किया।सबसे अच्छा बुजुर्गो ने जब लाठी खेलना शुरू किए तो नौजवानों को परास्त करते नजर आए। मुस्लिम धर्मावलबियो ने हाय हुसैन की याद में शहादत पूरी सादगी के साथ मनाए।इधर प्रशासान ने मुहर्रम त्योहार को शांति से मनाने को लेकर सभी अखाड़ों में मुस्तैद दिखे। मुहर्रम त्योहार को शांति से मनाने के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी हुलास महतो,थाना प्रभारी विकास पासवान ने दिन भर सभी अखाड़ों का मुआयना करते नजर आए।सभी सभी अखाड़ों के लोगो ने त्योहार को सम्पन्न कराने के लिए लगे रहे।मौके पर जमरी बक्सपुरा में बी पी ओ नीरज कुमार पासवान ,अंकित झा,मनोवर अंसारी,मुखिया आफताब हुसैन,धमधमा में सोनू खान,कोल्हैया में मो. शेरशाह,बक्चुम्बा से सद्दाम हुसैन सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कान्हाचट्टी में विश्व आदिवासी दिवस को आदिवासी समाज ने धूम धाम से मनाया

### आदिवासियो की पहचान जल,जंगल और जमीन है : बिरजू





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी :- प्रखंड के सायल बगीचे स्थित हनुमान मंदिर के मैदान में मंगलवार को विश्व आदिवासी दिवस के शुभ अवसर पर केंद्रीय सरना समिति कान्हाचट्टी के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिकंदर सिंह खरवार एवं संचालन नरेश सिंह खरवार एवं दिलीप उरांव ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी उर्फ बिरजू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कान्हाचट्टी प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो उपस्थित थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथियों को आदिवासी समाज ने आदिवासी परंपरा एवं संस्कृति के साथ मांदर एवं नगाड़े बजाकर स्वागत किया।उसके बाद मंच पर अतिथियों का स्वागत किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित कर किया उसके बाद अतिथियों ने आदिवासियों के संग मांदर की थाप पर जमकर थिरके एवं मांदर एवं नगाड़ा बजाय भी।तथा मुख्य अतिथियों ने मांदर भी ऐसा बजाए को लोगो को झूमा दिया।एवं अतिथियों को बैच लगाकर एवं पगड़ी बांध कर सम्मानित किया।कार्यक्रम में केंद्रीय सरना समिति कान्हाचट्टी के विभिन्न गांव के आदिवासी समुदाय के सैकड़ों लोग उपस्थित हुए एवं सभी गांव के आदिवासियों ने एक टीम बनाकर लोगों को आदिवासी गानों एवं आदिवासी संस्कृति एवं नृत्य से मन को मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ब्रज किशोर तिवारी ने कहा कि झारखंड में आदिवासी सबसे ज्यादा लोहरदगा एवं सिंहभूम तथा सबसे कम कोडरमा जिले में निवास करती है। वही चतरा जिले में 3.8 प्रतिशत ही आदिवासियों की जनसंख्या है,बावजूद कान्हाचट्टी प्रखंड में आदिवासी विश्व आदिवासी दिवस पर इतनी अच्छा कार्यक्रम करने के लिए केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष सिकंदर सिंह खरवार सचिव दिलीप उरांव नरेश खरवार एवं आदिवासी समाज को भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने आदिवासी समाज से कहा कि आप बच्चों को ज्यादा ज्यादा पढ़ाएं और सरकारी सेवा में भेजें,वहीं उन्होंने समाज में व्याप्त शराब रुपी भ्रष्टाचार एवं बाल विवाह पर रोक के लिए लोगों को प्रेरित किया। वही प्रखंड विकास पदा.धिकारी हुलास महतो ने आदिवासी समाज को संबो.धित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज को पहले जंगल के मानव के नाम से लोग जानता था लेकिन 1800 ई.के लगभग में एक विद्वान ने इन्हें आदिवासी कहकर संबोधित किया। आज झारखंड में 32 जनजाति निवास करते हैं जिनमें मुंडा,उरांव, खरवार सहित कई जनजाति शामिल हैं। उन्होंने आदिवासियों को खोरठा भाषा में संबोधित करते हुए कहा कि अपन अपन छउवा मन सबके पढ़ा लिखा के जब तक आगे ना बढ़े बा तब तक तोहरिन के विकास ना हो तो, यदि तोहरिन के विकास करे के हो तो अपन अपन छउआ के स्कूल भेजा और उनके पढ़ावा लिखावा तबे आदिवासी समाज के विकास होतो। कार्यक्रम को थाना प्रभारी विकास पासवान ,भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह,बीस सूत्री अध्यक्ष रामेश्वर यादव,मुखिया शोभा देवी,कुलेश्वर सिंह भोक्ता,डॉ प्यारे लाल,बिनोद भोक्ता,अनिल भोक्ता, नरेश सिंह खरवार चौधरी पंचायत के मुखिया घनश्याम पासी सांसद प्रतिनिधि एवं मकड़ा पंचायत के मुखिया पति राम रंजन साहू सरना समिति के अध्यक्ष आदि ने भी संबोधित किया कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्रीय सरना समिति के सभी सदस्यों का अहम रोल रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सभी गांव के टीमों को केंद्रीय सरना समिति ने पुरस्कृत किया इन्हें मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार दिलवाया गया

## आपसी भाईचारे के साथ विष्णुगढ़ में मना मुहर्रम का त्योहार

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाना वाला मुहर्रम का त्योहार विष्णुगढ़ में शांति, सौहार्द व भाईचारगी के साथ मनाया गया। विष्णुगढ़ के चेड़रा, नवादा, बनासो, सारूकुदर, गैड़ा, बरांय, नरकी, गाल्होबार, चानो समेत सभी मुस्लिम बहुल गांवों में मंगलवार को निशान के साथ ताजिया के साथ जुलूस निकाला गया। गगनचुंबी निशान के साथ अकीदतमंद या हसन या हुसैन का नारा लगाते और लाठी-डंडे का खेल प्रदर्शन करते हुए इमामबाड़ा से ताजिया को निकालकर पूरे गांव में भ्रमण कराया। इसके बाद सभी अखाड़ा मैदान पहुंचे। अखाड़ा मैदान में दर्जनों युवकों ने पारंपरिक हथियारों के साथ घंटों विविध खेल-तमाशों के कला-कौशल का प्रदर्शन किया। इसके बाद अखाड़ा का समापन किया गया। त्योहार को शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक अखाड़ों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी।



विष्णुगढ़ के गैड़ा में मुहर्रम पर निकाली गई ताजिया जुलूस में शामिल लोग




